हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

11 कबड्डी में बनभौरी की टीम विजेता और घिराय ...



12 खिलाड़ियों और उनके परिजनों के बैठने की उचित ...



खबर संक्षेप

पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव, पहचान नहीं

लोहारू। रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज के सामने वन आरक्षित क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक पेड़ से अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव लटका मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए लोहारू के उपमंडल नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। थाना प्रभारी सत्यनारायण से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बहुतकनीकी कॉलेज के सामने मंगलवार सुबह एक पेड़ से करीब 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान नही हो पाई है। उन्होंने बताया कि शव को उप नागरिक अस्पताल के शव गृह में 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा जाएगा। समाचार भेजे जाने तक शव की पहचान नही हो पाई थी।

सिंघानी से लापता किशोर राजस्थान में मिला

लोहारू। गांव सिंघानी से दो दिन पहले लापता हुआ करीब 15 वर्षीय किशोर लोहारू पुलिस को राजस्थान में मिला है। पुलिस ने किशोर को बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, किशोर के पिता करतार ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि किशोर किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था। पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद कर लिया है।

तीन पेटी अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

लोहारू। लोहारू थाना पुलिस ने ढाणी रहीमपुर पुलिस नाके पर तलाशी के दौरान कार से तीन पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने कार सवार युवक को काबू कर शराब और वाहन कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान राजस्थान निवासी नवीन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

लोहारू। सोहांसरा के नजदीक वाहन और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायल की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में तोशाम निवासी आदित्य ने बताया कि वह अपनी मौसी उर्मिला और उसकी बेटी सानवी के साथ गांव सोहांसरा से सतनाली जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीर ने उन्हें सतनाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तथा बाद में उन्हें रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

डॉ. अरविंद शर्मा ने गोलागढ़ में पैक्स का किया उद्घाटन

सहकारिता जीवन में खुशहाली लाने का सशक्त माध्यम : शर्मा

जिले की 250 सेल्फ हेल्प महिला ग्रुप को पांच करोड़ के चैक भेंट किए





भिवानी। गोलागढ़ पैक्स व सिवानी सहकारिता बैंक की शाखा का उद्घाटन करते और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों का अवलोकन करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

> सहकारिता विभाग का पैक्स को सौ फीसदी कंप्यूटरीकरण व महिला सशक्तिकरण का मुख्य लक्ष्य : मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारिता जीवन में खुशहाली लाने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के अनुसार सहकारिता देश जोड़ने की क्षमता रखता है। हर परिवार सहकारिता से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा सकता है। सहकारिता देश को जोड़ने वाला सरल रास्ता है। सहकारिता मंत्री डॉ. शर्मा मंगलवार को मिनी बाईपास मार्ग पर रिजोर्ट में दा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक, भिवानी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे।

डॉ. अरविंद ने जिले की 250 सेल्फ हेल्प महिला ग्रुप को पांच करोड़ रुपये की राशि के चेक भेंट किए। वहीं गोलागढ़ में पैक्स और सिवानी ब्रांच का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए उत्पादों का अवलोकन किया और महिलाओं को स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। आत्मनिर्भरता से सिर ऊंचा रहता है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि हर परिवार सहकारिता से जुड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली, पैक्स के आधुनिकीकरण और आगामी नीतियों को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में पैक्स के कंप्यूटरीकरण का कार्य शत-प्रतिशत आगे बढ़ रहा है।

बहुत जल्द नई सहकारिता नीति भी सामने आ जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह का सपना है कि सहकारिता विभाग के माध्यम से पूरे देश को और देश के हर परिवार को जोड़ा जाए। इसके साथ ही महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप व लायबिलिटी ग्रुप को जीरो बैलेंस और बिना ज्यादा औपचारिकताओं के आसानी से लोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। उन्होंने कहा कि 20 महिलाएं मिलकर सेल्फ हेल्प ग्रुप बना सकती है।

दस महिलाएं मिलकर बना सकती हैं लॉयबलिटी ग्रुप

डॉ. अरविंद ने कहा कि 10 महिलाएं मिलकर लॉयबलिटी ग्रुप बना सकती हैं तथा 20 बैलेंस पर अपना खाता सहकारिता विभाग में खुलवा कर अपना कार्य शुरू कर सकती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग को 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकृत करने की दिशा में कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबंधक दिनेश सिंह चौहान और चेयरमैन सुधीर चांदवास ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने बैंक की जनहित कारी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान वाइस चेयरमैन सौरभ शर्मा, नाबार्ड के डीडीएम अजीत जाखड़, हरको बैंक चंडीगढ़ के प्रोफेशनल डायरेक्टर एडवोकेट देवकांत शर्मा, एआर भिवानी सुनीता ढाका, एआर लोहारू अरविन्द हुड्डा सहित बैंक के प्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



चरखीदादरी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में जन शिकायते सुनते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

कांग्रेस को सत्ता का चस्का, जनता के विश्वास के बिना नहीं मिलती कुर्सीः मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



■ कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 में से छह शिकायतों को निपटाया

प्रदेश के सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को केवल सत्ता और कुर्सी का चस्का है। लोकतंत्र में जनता के विश्वास के बिना सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करती है, जबकि कांग्रेस चुनावी हार के बाद संवैधानिक संस्थाओं और ईवीएम पर सवाल उठाती है। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बैठक में एजेंडे के तहत कुल 12 शिकायतें सुनी गईं। इनमें से छह का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष छह मामलों में संबंधित अधिकारियों को जांच एवं समाधान के लिए कमेटियां गठित कर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

ईवीएम और चुनाव आयोग पर कांग्रेस के सवालों को लेकर मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा की पांच सीटें मिलने के बाद कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया पर ऐसे सवाल नहीं उठाए, जैसे विधानसभा चुनाव के बाद उठाए गए। उन्होंने कांग्रेस के इस रवैये को दोहरा मापदंड बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को भारतीय संस्कृति और बुजुर्गों के सम्मान की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए।

कष्ट निवारण समिति की बैठक में पैतावास खुर्द के महेंद्र सिंह और सुरेश कुमार की चकबंदी संबंधी शिकायत पर मंत्री ने जिला राजस्व अधिकारी को अगली बैठक से पहले समाधान करने के निर्देश दिए। गांधी नगर के कार्तिक की शिकायत पर जनस्वास्थ्य विभाग को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और अभियंता को अंडरपास की समस्या दूर करने के निर्देश दिए गए।

डुडीवाला नंदकरण के सोमबीर की बिजली संबंधी शिकायत पर मंत्री ने कहा कि मीटर हटाने की कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति को सूचना दी जाए और उसकी अनुपस्थिति में वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। गांव अचीना निवासी नवीन की राजीव गांधी खेल परिसर की मरम्मत संबंधी शिकायत पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने परिसर में खर्च हुई राशि का ब्योरा अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर, ,एसपी लोगेश कुमार पी, भाजपा जिलाध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार, जिला परिषद के सीईओ विजेंद्र हुड्डा, एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह, एसडीएम आशीष सांगवान, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रवि गर्ग बधवानियां सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

18 साल से कम आयु के बच्चों की सुरक्षा के लिए है पॉक्सो एक्टः पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ विद्यार्थियों को दी पॉक्सो एक्ट-2012 की जानकारी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी की अध्यक्ष डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के तीन स्कूलों में पॉक्सो एक्ट-2012 के प्रति जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार की अध्यक्षता में केएम पब्लिक स्कूल, सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल तथा राजकीय कन्या स्कूल, तालु में आयोजित इन कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशालाओं में जेएमआईसी हार्दिक सचदेवा, डीएलएसए के पैनल अधिवक्ताओं, जिला बाल संरक्षण विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी संदीप तथा साइबर सेल के वेलफेयर कोऑर्डिनेटर विष्णु परमार ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट-2012 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित वातावरण, व्यक्तिगत सुरक्षा और किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। सीजेएम ने कहा कि पॉक्सो एक्ट-2012 का उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, यौन दुर्व्यवहार और बाल अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना है। यह अधिनियम बच्चों की गरिमा, सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। यौन अपराधों से पीड़ित बच्चों की पहचान उजागर करना कानूनन प्रतिबंधित है। इसलिए मीडिया सहित सभी लोगों को पीड़ित बच्चे की पहचान गोपनीय रखने संबंधी कानूनी प्रावधानों का पालन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक व संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके पात्र व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी।

विधायक के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर पांच को

भिवानी। पूर्वमंत्री एवं भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ के जन्मदिन पर पांच नवंबर वीरवार को सुबह 9 बजे रविदास मंदिर रोड स्थित सैनी धर्मशाला भिवानी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन श्रीसैनी धर्मार्थ धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है, जबकि नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था भिवानी सहयोगी संस्था के रूप में संयोजन करेगी। सैनी नगर के प्रधान कृष्ण सैनी व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं सहित आमजन से शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों पर सामाजिक एवं जनसेवा के कार्य करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वैच्छिक रक्तदान जरूरी है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ होने पर चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

पुलिस ने तकनीकी सहायता से सुराग जुटाए

सुसाइड नोट लिखकर लापता हुई नाबालिग तीन घंटे में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सुसाइड नोट लिखकर घर से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को दादरी पुलिस ने महज तीन घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने लड़की को हिसार के सातरोड से खोजकर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटी के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार के अनुसार, पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। घर से नाबालिग लड़की के लापता होने और सुसाइड नोट मिलने की जानकारी सामने आने के बाद परिजन चिंतित हो गए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत तलाश शुरू कर दी। उप-पुलिस अधीक्षक साहिल ढिल्लों के नेतृत्व में साइबर सेल और पुलिस टीम ने उपलब्ध जानकारी के आधार पर लड़की की तलाश के लिए अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने संभावित स्थानों पर खोजबीन की और तकनीकी सहायता से सुराग जुटाए। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने करीब 120 किलोमीटर दूर सातरोड हिसार से लड़की को सकुशल खोज निकाला। घर से लापता होने की सूचना मिलने के करीब तीन घंटे के भीतर हुई इस कार्रवाई के बाद लड़की को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।

> सातरोड हिसार से सकुशल खोजकर परिजनों को सौंपा, एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

बच्चों की भावनात्मक परेशानी को गंभीरता से लें

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक परिवार को बड़ी राहत मिली। चरखी दादरी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। अभिभावक बच्चों और किशोरों की भावनात्मक परेशानियों को गंभीरता से लें तथा उनसे संवाद बनाए रखें। यदि बच्चा तनाव या किसी परेशानी से गुजर रहा है, तो उसकी बात ध्यान से सुनें और जरूरत पड़ने पर उचित सहायता उपलब्ध करवाएं। समय पर सूचना और संवेदनशीलता से ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है।

आई लव यू भिवानी, स्वच्छ भिवानी, स्वस्थ भिवानी के स्लोगन ने चौक को दिया आकर्षक स्वरूप

शहर की स्वच्छता के लिए धड़क रहा भिवानी का दिल

■ स्वच्छता एवं पर्यावरण की शुद्धता के स्लोगन से शहर सुंदर व स्वच्छ बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



स्वच्छता एवं पर्यावण शुद्धता के प्रेरक नारों की पेंटिंग से इन दिनों शहर की शोभा देखते ही बन रही है। शहर की स्वच्छता के लिए शहीद भगत सिंह चौक पर भिवानी का दिल धड़क रहा है। यहां चौक पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दीवार को स्लोगन पेंटिंग से बड़ा ही आकर्षक बनाया गया है।

यहां पर एलईडी डिस्पले बोर्ड पर लिखा आई लव यू भिवानी रात के समय ना केवल चौराहे को रोशन कर रहा है, बल्कि यहां से गुजरने वालों का ध्यान अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। डीसी साहिल गुप्ता के मार्ग दर्शन में नगर परिषद प्रशासन द्वारा नागरिकों से छोटी काशी भिवानी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शहर में प्रमुख जगहों पर पेंटिंग और नारों के माध्यम से अपील की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर को गंदगी से मुक्त बनाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। नप द्वारा कुछ समय पहले शहर में करीब दर्जन भर प्वाइंटों को कचरा मुक्त बनाने के लिए इन जगहों का सौन्दर्यकरण किया। वहीं नागरिकों से आह्वान किया कि वे यहां पर गंदगी ना डालें। शहर को स्वच्छ बनाएं। कचरे को डोर टू डोर जाने वाली गाड़ी में ही डालें ताकि गलियों या मुख्य सड़क पर गंदगी के ढेर ना लगें।इसी कड़ी में डीसी साहिल गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर में प्रमुख स्थानों की दीवारों पर प्रेरक श्लोगन युक्त पेंटिंग करवाने का काम किया जा रहा है। नप के इस प्रयास ने शहीद भगत सिंह चौक को नया एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। डिजिटल रूप से लिखा हुआ आई लव यू भिवानी, दिन के समय में तो आमजन का ध्यान अपनी ओर खींचता ही है, बल्कि रात के समय इसमें लगी लाइट से आपने आसपास परिवेश को भी रोशन कर रही है। इसके साथ ही यहां पर फूल, पेड़ पौधों की हरियाली युक्त स्वच्छ भिवानी और स्वस्थ भिवानी का स्लोगन संदेश देता है कि हम शहर को स्वच्छ रखकर ना केवल पर्यावरण को शुद्ध रख सकते हैं, बल्कि बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं। इसी प्रकार नवनिर्माणाधीन लघु सचिवालय की चारदिवारी, हांसी रोड पर कॉलेज क्षेत्र को मनमोहक पेंटिंग से आकर्षक बनाया गया है। इस तरह की प्रेरणादाई पेंटिंग शहर में अनेक जगह देखने को मिल सकती है।

शहर को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का प्रयासः डीएमसी

डीएमसी हरबीर सिंह ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन का हर संभव प्रयास है कि शहर को स्वच्छ और निर्मल बनाया जाए। नगर परिषद और जिला प्रशासन का शहर वासियों से आह्वान है कि वे इधर-उधर गंदगी ना डालें और छोटी काशी कहे जाने वाले भिवानी शहर को गंदगी से मुक्त और सुंदर बनाएं। उन्होंने बताया कि कचरा प्वाइंट को गंदगी मुक्त बनाने के लिए पेंटिंग की जा रही है। उन्होंने भिवानीवासियों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग देने की अपील की।

पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

चरखी दादरी। जिला प्रशासन ने एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों को मतदाताओं से प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 28 अक्टूबर तक सुनिश्चित करने को कहा है। अभियान के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन छह नवंबर को किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची की शुद्धता और पात्र नागरिकों की भागीदारी का विशेष महत्व है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दावों एवं आपत्तियों से जुड़े सभी मामलों की जांच नियमानुसार करते हुए निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निर्णय लिया जाए। किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के अवसर से वंचित नहीं रहने दिया जाए। प्रशासन का प्रयास है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल सके। दावों एवं आपत्तियों के निपटारे के बाद छह नवंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

दादी सती रानी मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

चरखी दादरी। गांव सांवड़ स्थित दादी सती रानी मंदिर का पांचवां स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिल्ली से पहुंचीं भजन गायिका मधु अग्रवाल ने दादी सती रानी की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। उन्होंने दादी सती रानी की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक एवं संयोजक प्रधान जोगी राम अग्रवाल और गौरी शंकर सांवड़िया ने बताया कि मंदिर का स्थापना दिवस हर वर्ष 26 अक्टूबर को मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम की मांग

तोशाम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 30 अक्टूबर को भिवानी आगमन के मद्देनजर पर्यटन विकास मंच ने मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम के निर्माण की मांग को फिर से प्रमुखता से उठाया है। मंच के चेयरमैन राजेश गारनपुरा ने मुख्यमंत्री से भिवानी में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा करने की मांग करते हुए कहा कि जिस भिवानी ने देश को अनेक प्रतिभाशाली और पदक विजेता खिलाड़ी दिए हैं, उसे अब विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। राजेश ने कहा कि भिवानी को छोटी काशी के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी विशेष पहचान प्राप्त है।

सीटू ने ज्ञानेश को बर्खास्त करने की भरी हुंकार

बाढ़ड़ा। सीटू ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आयोजित होने वाली वोट चोरी के खिलाफ महारैली का पुरजोर समर्थन किया है। सीटू ने प्रदेश के तमाम मजदूरों, कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं से महारैली में भारी संख्या में पहुंचकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की आवाज बुलंद करने की अपील की है। कस्बे के किसान भवन में वीरेंद्र सिंह मांढी केहर की अध्यक्षता में सीटू कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार, कामरेड सुखदेव सिंह पालुवास और सीटू जिला सह संयोजक सुमेर सिंह ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद होते हैं।

वरिष्ठ बुजुर्गों को किया सम्मानित

भिवानी। पुष्प वाटिका में श्रीक्षत्रिय स्वर्णकार सभा के तत्वावधान में समाज के आराध्य एवं पूर्वज महाराजा अजमीढ़ की जयंती श्रद्धा, एंव उल्लाससे मनाई। कार्यक्रम का पारंपरिक रूप से अजमीढ़ चौक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ बुजुर्गों को उनके अमूल्य मार्गदर्शन व समाज के प्रति दिए गए योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। मुख्यतिथि के रूप में महेंद्र बौंदकलां ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. विनोद अंचल, डॉ. विकास गोतन उपस्थित रहे।

दुल्हेड़ी में बाबा मुंगीपा का देसी घी का भंडारा व कबड्डी प्रतियोगिता

कबड्डी में बनभौरी की टीम विजेता और घिराय की टीम उप विजेता बनीं

मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर चखा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव दुल्हेड़ी स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर में 30वां विशाल मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर देसी घी के भंडारे और कबड्डी प्रतियोगिता करवाई। मेले की संपूर्ण व्यवस्था युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति दुल्हेड़ी की टीम द्वारा संभाली। समिति के सदस्यों ने पूरे कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्थापन करते हुए मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गजानंद अग्रवाल, राजकुमार, विनय मंगल (बिट्टू) तथा रवि मंगल, प्रदीप शास्त्री उपस्थित रहे। वहीं ज्योति प्रज्वलित करने, लाइट डेकोरेशन सेवा, प्रसाद वितरण एवं जागरण सेवा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले अतिथियों में भागीरथ मंगल (हिसार), सत्यनारायण मंगल (तोशाम), रमेश गर्ग (दिल्ली) तथा कृष्ण पूर्वा (जामनगर) शामिल रहे। मेले में अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में सज्जन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, रोशन लाल, संजय मंगल, विवेक मंगल, पंकज अग्रवाल, मनोज मंगल (गोना), राजू सेठ, विमल तायल, दिनेश गर्ग, सुनील गर्ग, सुनील तायल, पवन जिंदल, सुरेश गर्ग तथा ओम प्रकाश शर्मा आदि स्वागत किया। बाबा मुंगीपा कमेटी के प्रधान बीर सिंह तथा गांव के सरपंच रामेश्वर इंदौरा, मास्टर बंसीलाल, बलवान श्योराण, पूर्व सरपंच रामेश्वर देवड़ा, मोती लाल कटारिया, रामेश्वर जांगड़ा का विशेष सहयोग रहा। मेले के दौरान आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गांव बनभौरी की टीम ने सभी टीमों को पटखनी देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दूसरा स्थान गांव घिराय की टीम ने प्राप्त किया। मेले के दौरान देसी घी के भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। पूरे आयोजन ने धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सेवा भावना का संदेश दिया।



तोशाम। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि



चरखीदादरी। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

राज्य रग्बी में कांस्य पदक जीतने वाली दादरी की बेटियों को किया सम्मानित

चरखी दादरी। जींद के आधारशिला पब्लिक स्कूल में 24 व 25 अक्टूबर को आयोजित अस्मिता राज्य रग्बी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर लौटीं दादरी की बेटियों का भव्य स्वागत किया। शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी और जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ने अभिभावकों के साथ मिलकर खिलाड़ियों को फूलमालाएं व पदक पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश सभ्रवाल ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रग्बी में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रतियोगिता के आयोजन के लिए हरियाणा रग्बी संघ के सचिव नरेंद्र मोर को बधाई दी। जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मेहर चंद सांगवान, उपप्रधान ओमबीर महराणा और सचिव राजेश तक्षक ने कहा कि जिले की बेटियों ने राज्य स्तर पर कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास व अनुशासन के साथ आगामी अस्मिता गर्ल्स जोन प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों की तैयारी में कोच राजेश तक्षक के साथ रग्बी इंडिया का लेवल-1 कोर्स उत्तीर्ण महिला कोच सुदेश तक्षक, अनीता और प्रीति फोगाट का योगदान रहा। समारोह में एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप सरपंच, वाइस चेयरमैन जयराम प्रेमी, विनीत, एएसआई अनूप, रविंद्र तक्षक, अन्नू, चीनू, लोकगायक राजेश थुरानिया, एडवोकेट कुलवंत फोगाट, पवित्रा, कोच शमशेर व अंतिम फोगाट आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

छह उपाध्यक्ष व दो महामंत्री बनाए

भाजपा जिला दादरी की नई कार्यकारिणी घोषित



चरखीदादरी। जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते नवनियुक्त पदाधिकारी।

- जिलाध्यक्ष परमार ने जारी की पदाधिकारियों की सूची, सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

भारतीय जनता पार्टी जिला चरखी दादरी की संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा कर दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, संगठन महामंत्री पवन राणा आदि से विचार-विमर्श के बाद जिला पदाधिकारियों की नई सूची जारी की। घोषित सूची के अनुसार जगदीश राय फौगाट, बलवान आर्य, जगदीश सरपंच, मनवीर सिंह, दीपक शर्मा और विद्या जाखड़ को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

रविंद्र सिलगर और हरिश शर्मा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार इंदु यादव, कुलदीप शास्त्री, सत्यपाल सिंह, रामफल फौगाट, संतोष जैन और नरदेव चेयरमैन को जिला सचिव बनाया गया है। रवि गर्ग बधवानिया को जिला कोषाध्यक्ष तथा धर्मचंद बलाली को जिला कार्यालय सचिव नियुक्त किया है। संगठन के अन्य दायित्वों के तहत लीलाराम हिंदुस्तानी को जिला आईटी प्रमुख, जयंत वशिष्ठ को मीडिया प्रमुख, भुनेश गोयल को सोशल मीडिया प्रमुख और भूपेंद्र कौशिक को मन की बात प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है।

इन्हें मिली नियुक्ति

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रभारी महामंत्री गोपाल शर्मा, जिला प्रभारी शैलेंद्र पांडे और जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

चांग में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना की

- शिक्षा स्तर को और अधिक बेहतर बनाने को हरसंभव प्रयास करने का युवाओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चांग में भगवान वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली और त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि की मूर्ति की स्थापना की गई। आयोजन से पूरे गांव में धार्मिक और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर के समय हुई, जब जिला पार्षद प्रतिनिधि बंटी तंवर ने हरी झंडी दिखाकर झांकी का शुभारंभ किया।



भिवानी। भगवान महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

शाम के सत्र में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति की स्थापना की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में बवानीखेड़ा के विधायक के भाई मास्टर राजेश, सीएम विंडो के चेयरमैन तंवर, सेवानिवृत्त डीईओ हरिसिंह, सरपंच प्रतिनिधि बृजलाल आदि उपस्थित रहे। मूर्ति स्थापना के दौरान विधायक के भाई ने आयोजन समिति द्वारा रखी मांगों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

शिक्षा का स्तर सुधारने का लिया संकल्प

जयंती पर युवा अंकित गब्बू ने बताया कि गांव के युवाओं ने एक प्रेरणादायक संकल्प लिया है। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे गांव में शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे, ताकि क्षेत्र के बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की राह मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्र उत्थान के दिशा में कार्य करने के लिए संत-महात्माओं के आदर्शों को अपनाना बहुत जरूरी है तथा इसके लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक शिक्षित बनें। इस अवसर पर रोहित दहिया, नमन, विजय, राहुल, अभिषेक, सन्नी, रोहित ढिल्लू, कार्तिक, प्रमोद, सोमबीर, सुनील, कृष्ण, सुरेंद्र, ओम, प्रताप व गोपाल आदि मौजूद रहे।

त्योहारों पर मिलावटी मिठाइयों से रहें सावधान, शिकायत पर होगी कार्रवाई

- उपायुक्त ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों, नकली चॉकलेट और घटिया गुणवत्ता वाले ड्राइ फ्रूट्स की बिक्री की आशंका को देखते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मिलावटखोरी पर पैनी नजर रखे हुए है। मिलावटी या नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि दिवाली सहित अन्य त्योहारों के दौरान मिठाइयों और सूखे मेवों की मांग बढ़ जाती है।

इस दौरान कुछ लोग अधिक मुनाफा कमाने के लिए घटिया गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर सकते हैं। सूखे मेवों को चमकदार और ताजा दिखाने के लिए हानिकारक रसायनों या रंगों का इस्तेमाल किए जाने की आशंका भी रहती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को खरीदारी के समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

भरोसेमंद दुकानों को प्राथमिकता दें

उपायुक्त ने कहा कि मिलावटी मिठाइयों और दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग सहित कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आमजन खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और उसकी स्थिति की जांच करने के बाद ही खरीदारी करें। उपायुक्त ने लोगों से मिठाइयां और ड्राई फ्रूट्स खरीदने के लिए भरोसेमंद दुकानों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल कम कीमत के लालच में खाद्य सामग्री खरीदने से बचें। पैक्ड चॉकलेट और अन्य खाद्य पदार्थ लेते समय पैकेट की सील, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और आवश्यक विवरण अवश्य जांचें। सूखे मेवों की ताजगी, गुणवत्ता और पैकिंग पर भी ध्यान दें।

कथा व्यास ने सुनाई भगवान शिव के विवाह की कथा

- जीव और ब्रह्म के आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है भगवान शिव के विवाह की कथा : पंडित बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जीतूवाला जोहड़ के समीप स्थित सिद्धपीठ काली देवी शिव मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पांचवें दिन मंगलवार को कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों और देवी के जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों में शामिल रमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर दुर्गा धाम से महंत पूर्णदास महाराज मुख्य तौर पर पहुंचे। उन्होंने कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान बाबूराम आर्य, सुखदेव आर्य, भूपेंद्र, नवीन और पंडित विजय भारद्वाज ने भी कथा व्यास का सम्मान किया। वहीं बाबा जगमाल ने व्यासपीठ और आगंतुकों का सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित बृजमोहन ने भगवान शिव के विवाह की कथा का सुंदर प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह केवल दो देवताओं का मिलन मात्र नहीं है, बल्कि यह जीव और ब्रह्म के आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है।

विरासत कला उत्सव में गायक शमिंदर शम्मी की आवाज पर झूमे विद्यार्थी

- सीबीएलयू में सूफी गायन की मनमोहक प्रस्तुति हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय 'विरासत कला उत्सव' के द्वितीय दिवस पर सूफी गायन की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध सूफी गायक शमिंदर शम्मी ने अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया। कलाकार शम्मी ने मेरा देश मेरे दिलदारा दा, रेशमी सलवार कुर्ता जाली का, मामला गड़बड़ है, मैं हरियाणा का जवान सहित कई प्रसिद्ध सूफी कलाम पेश कर दर्शकों को सूफियाना एहसास से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर पूरा सभागार झूम उठा और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद से कोऑर्डिनेटर रविंद्र श्योराण, एनसीजेडसीसी से कॉर्डिनेटर मंथन, डॉ. स्नेहलता, डॉ. मुकेश, डॉ. नवीन, डॉ. मूलराज, डॉ. जितेंद्र, वीएम बेचैन, रविंद्र शर्मा सहित विवि के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



भिवानी। सीबीएलयू में प्रस्तुति देते गायक शमिंदर शम्मी। फोटो : हरिभूमि

स्कूल में सुविधाओं की नियमित निगरानी से शिक्षा का बेहतर माहौल बनेगा: डिप्टी सीईओ

बवानीखेड़ा। जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविन्द्र दलाल ने मंगलवार को कस्बा स्थित वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दलाल ने बताया कि स्कूल की सफाई व्यवस्था दुरूस्त मिली। स्कूल में पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल का प्रबंध था। स्कूल में लैब और पुस्तकालय की व्यवस्था भी सही पाई गई। यहां पर बच्चों के बैठने के साथ-साथ शिक्षण सामग्री भी उपयुक्त थी। इसके साथ ही मिड-डे-मील की व्यवस्था ठीक पाई गई। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की नियमित निगरानी से शिक्षा के लिए बेहतर माहौल तैयार होता है। स्कूल प्रबंधन को चाहिए कि विद्यार्थियों की सुविधा और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के साथ जोड़ना जरूरी है।



बवानीखेड़ा। पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण करते डिप्टी सीईओ दलाल।

समाज कल्याण की प्रेरणा देता है महर्षि वाल्मीकि का जीवन

भगवान वाल्मीकि उद्यान का भूमि पूजन कर किया हवन

भगवान वाल्मीकि उद्यान आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके आदर्शों का बनेगा केंद्र: चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट तथा हनुमान जोहड़ी परिवार धाम के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का मंगलवार को भूमि पूजन के साथ संपन्न हो गया। हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में भगवान वाल्मीकि उद्यान के लिए भूमि पूजन एवं हवन का आयोजन किया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण आहुति दी गई। इस पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया।



भिवानी। भगवान वाल्मीकि उद्यान का भूमि पूजन करते महंत चरणदास महाराज व अन्य।

पवित्र स्थल की शोभा बढ़ेगी

हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत चरणदास ने महर्षि वाल्मीकि के महान जीवन आदर्शों, उनके कृतित्व और समाज को दिए गए संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सत्य, धर्म, और समाज कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में बनने जा रहा भगवान वाल्मीकि उद्यान आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके आदर्शों का केंद्र बनेगा। ऐसे धार्मिक और सामाजिक अनुष्ठान समाज में भाईचारा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। मंदिर परिसर में भगवान वाल्मीकि उद्यान की स्थापना से न केवल पवित्र स्थल की शोभा बढ़ेगी, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट करने और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर भागवत धर्म सेवा परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य गौरव दीक्षित महाराज, कंवरपाल पुजारी व मुकेश बंसल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

वक्ताओं ने रामायण के रचयिता के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

- गांव ढ़ाणा लाडनपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव ढ़ाणा लाडनपुर में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं ने हिस्सा लिया। मुख्यातिथ रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के प्रदेश सचिव राजेश चौधरी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

राजेश चौधरी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर पूरी दुनिया को सत्य, मर्यादा और समानता की राह दिखाई। उनका जीवन यह संदेश देता है कि ज्ञान और साधना के बल पर कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकता है। समारोह में पूर्व सरपंच राधेश्याम वाल्मीकि और आरपीआई के राष्ट्रीय सचिव कुंदन चौधरी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर बीएसपी के पूर्व प्रधान राजवीर सिंह बराड़, बलवान नंबरदार, विनोद प्रजापति, सतबीर प्रजापति, राधेश्याम वर्मा, बिजेंद्र वर्मा और सुल्तान वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



भिवानी। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

डीसी ने अधिकारियों के साथ लिया सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा

खिलाड़ियों और उनके परिजनों के बैठने की उचित व्यवस्था हो : डीसी

मुख्यमंत्री नायब सिंह होंगे राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यातिथि, खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। भीम स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीसी साहिल गुप्ता व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डीसी साहिल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के साथ मंगलवार को स्थानीय भीम स्टेडियम का दौरा किया। उन्होंने एशियाई और पैरा-एशियाई खेलों के पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों के सम्मान में 30 अक्टूबर समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह की तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंडाल और मुख्य मंच के साथ-साथ पंडाल में प्रवेश मार्ग की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सम्मान समारोह में खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके परिजनों का आना भी स्वाभाविक है, ऐसे में उनके बैठने की उचित व्यवस्था की जाए।

डीसी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के हाथों मंच पर सम्मान पाने वाले खिलाड़ियों के लिए अलग जगह निर्धारित की जाए। डीसी ने लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य विभाग को स्टेडियम में मुख्य मंच, वीआईपी सीटिंग अरेंजमेंट, दर्शकों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था और वाटरप्रूफ शामियाने के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल और अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा और सुचारू यातायात को लेकर पुलिस विभाग को स्टेडियम के भीतर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा वीआईपी व आम जनता के वाहनों के लिए अलग रूट व पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जबकि नगर परिषद को स्टेडियम परिसर और आसपास के रास्तों पर विशेष सफाई अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। बिजली विभाग को कार्यक्रम के दौरान बिना किसी बाधा के निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और मुख्य स्टेज व साउंड सिस्टम के लिए बैकअप के रूप में हाई-पावर जेनरेटर की व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि पंडाल के प्रत्येक ब्लॉक में पेयजल के कैंपर रखे जाएं।

तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें

डीसी ने नप को निर्देश दिए कि समारोह स्थल में उपयुक्त संख्या में डस्टबीन रखे जाएं। सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए। डीसी साहिल गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यह एक गरिमामयी राज्य स्तरीय समारोह है, इसलिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें और तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। इस दौरान डीएफओ विपिन कुमार, एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, नगराधीश अनिल कुमार, डीएसपी अनूप कुमार व महेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, खेल विभाग के उप निदेशक रामहेर सिंह, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव, डीआइओ अमित लांबा, अग्निशमन अधिकारी रमन कुमार आदि मौजूद रहे।

अरावली में अवैध खनन-ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग उठाई

- रामलवास में सुप्रीम कोर्ट की अरावली कमेटी को किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। रामलवास में लोगों से बात करते अरावली कमेटी के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने गांव रामलवास में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित अरावली कमेटी के समक्ष भिवानी और दादरी जिलों में अरावली पर्वतमाला में हो रहे खनन, अवैध ब्लास्टिंग और पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान का मुद्दा उठाया। किसान सभा ने ज्ञापन सौंपकर खनन गतिविधियों पर रोक लगाने, नियमों का उल्लंघन करने वाली खदानों की लीज रद्द करने की मांग की।

किसान सभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में दोनों जिलों की पहाड़ियों पर खनन गतिविधियां बढ़ने से अरावली के अस्तित्व पर संकट पैदा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई खनन क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी कर अवैध ब्लास्टिंग और भूजल स्तर से नीचे तक खनन किया जा रहा है। ज्ञापन में खनन प्रभावित गांवों में मकानों, खेती, पशुपालन और पेयजल को हुए नुकसान का निष्पक्ष आकलन कराने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही बीमार मजदूरों और ग्रामीणों के लिए मुफ्त इलाज, आर्थिक सहायता तथा पुनर्वास की व्यवस्था करने पर जोर दिया।

ग्रामीणों में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा

किसान सभा ने कहा कि अरावली की पहाड़ियां भूजल पुनर्भरण, वर्षा चक्र, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खनन से उड़ने वाली धूल और प्रदूषण के कारण मजदूरों तथा ग्रामीणों में सिलिकोसिस, टीबी और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने की बात भी उठाई गई।

शिविर में 155 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा



बाढ़ड़ा। समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के माध्यम से गांव कारी आद्धु में ग्राम पंचायत द्वारा अंबुजा फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से एक मेडिकल शिविर का आयोजन किया। शिविर में कारी आद्धु के ग्रामीणों को मुफ्त जांच के साथ दवाइयां भी मुफ्त वितरण की। शिविर में 155 ग्रामीण पुरुष और महिलाओं का फुल बॉडी चेक अप करके उनके शरीर के लक्षणों की जांच करके दवाइयां दी। गांव की सरपंच डा. ज्योति शर्मा ने बताया कि उनकी पंचायत की पहली प्राथमिकता है। लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करके जीवन प्रत्याशा में वृद्धि की जाए। इसके लिए उनकी पंचायत द्वारा समय समय पर मेडिकल कैंप लगाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में डॉ. मांगेराम, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अंजू सांगवान, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. सुनीता व डॉ. पूनम ने चिकित्सा शिविर में गांव कारीआद्धु के सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों की जांच करके आवश्यक दवाइयां दी और परहेज बताए। शिविर में काकडौली, चांदवास और बरसाना के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी सेवाएं दी। अंबुजा फाउंडेशन की तरफ से खंड समन्वयक निर्देश, आशा वर्कर गायत्री देवी, ग्राम सेविका बाला, चौकीदार राकेश इंदौरा ने मेडिकल शिविर में भरपूर सहयोग किया।

एचसीएस में छठी रैंक हासिल करने वाले रजत फौगाट का किया स्वागत



चरखीदादरी। हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में छठी रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले रजत फौगाट का पैतृक गांव ढाणी फौगाट और टिकान कलां में भव्य अभिनंदन किया गया। समारोह में पूर्वमंत्री ओमप्रकाश धनखड़, विधायक उमेद पातुवास, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान, समाजसेवी सोमवीर घसौला, सिद्धश्री बाबा चमन्ननाथ रबड़ा धाम 18 के महंत बाबा समुद्धनाथ और 12 के महंत कृष्णनाथ जमात ने रजत को आशीर्वाद दिया। महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, दादरी एजुकेशन सोसाइटी की प्रधान विद्या गुप्ता, सुनील इंजीनियर, डॉ. महिपाल यादव, संस्कारम विश्वविद्यालय के वीसी अजीत सिंह, निदेशक सोमबीर कोडान, निदेशक जितेंद्र लाठर, निदेशक रमेश गुलिया, बलजीत नेहरा, सुरेंद्र फौगाट, बलराज फौगाट, विशाल नेहरा, जिला पार्षद शिव कुमार खोरड़ा, रजिस्ट्रार जितेंद्र भारद्वाज, जयप्रकाश प्रधान और ओमप्रकाश यादव भी मौजूद रहे।

पीएम नरेंद्र मोदी जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त

भिवानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के बनासकांठा से देशभर के किसानों को किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त जारी करेंगे। जिलेके एक लाख 20 हजार 798 किसानों को खातों में 24 करोड़ 20 लाख 10 हजार रुपये की राशि आएगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पंचायत भवन में 30 अक्टूबर को सुबह नौ बजे दिखाया जाएगा। कृषि उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में 16,18,808 लाभार्थियों के लिए किस्त संबंधी लॉट खोले हैं, जिनमें से 16,15,770 लाभार्थियों के आरएफटी पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत देशभर के 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18,600 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अब तक 23 किस्तों में किसानों को 4.47 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। वर्ष 2019 में शुरू की गई थी।उन्होंने बताया कि 24 वीं किस्त के रूप में जिला के एक लाख 20 हजार 798 किसानों को खातों में 24 करोड़ 20 लाख 10 हजार रुपए की राशि आएगी। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी के किसानों के खातों में अब तक 23 किस्तों के माध्यम से करीब 570 करोड़ रुपए की राशि आ चुकी है। उन्होंने बताया कि किस्त जारी करने के अवसर पर राष्ट्रीय, राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वर्धमान ज्वेलर्स के संचालक सचिन जैन को मातृ शोक



भिवानी। वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन की माता कोमल जैन का सोमवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया, वे 73 वर्ष की थी और काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। मंगलवार शाम को हालुवास गेट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में शहर के प्रबुद्धजनों व रिश्तेदारों ने पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। कोमल जैन मृदुभाषी और धर्म कर्म में काफी विश्वास रखती थी, वे बहुत ही मिलनसार एवं शांत स्वभाव की महिला थी और जरूरतमंदों की मदद के लिए अक्सर तैयार रहती थी। उनके निधन पर सीजेएम पवन कुमार, महंत चरणदास महाराज, बृजलाल सर्राफ, डॉ. कपिल शर्मा, दीपक बंसल, नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ. राजेश श्योराण, नवीन गुप्ता, शिवशंकर कसेरा, एसके सिंह, विरेंद्र बड़गुजर, सुरेश सैनी, युद्धिष्ठर वत्स आदि ने शोक जताया एवं उन्हें भावभीनी विदाई दी।

न्यूज डायरी

कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

भिवानी। पंचायत भवन में 28 अक्टूबर को 2:30 बजे जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर करेंगे। नगराधीश अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 13 परिवाद रखे जाएंगे, जिनमें से तीन परिवाद पुराने लंबित और दस नए परिवाद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री नागर बैठक में रखे जाने वाले मामलों की सुनवाई करेंगे और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बारे में डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।



युवा कांग्रेस 30 को करेगी प्रदर्शन

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में तोशाम मार्ग पर लगे सोलर प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोजगार न देने के विरोध में बवानीखेड़ा युवा विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र तंवर ने बवानीखेड़ा शहर सहित हलके के युवाओं के साथ मीटिंग ली। जिसमें सभी ने एकमत होकर आने वाली 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बवानीखेड़ा तहसील के सामने विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया। नरेन्द्र तंवर ने बताया कि जिस क्षेत्र में कोई उद्योग लगता है तो वहां के लोगों के लिए नौकरियों का कुछ हिस्सा आरक्षित होता है लेकिन यहां प्लांट में स्थानीय युवाओं की अनदेखी करना पढ़े लिखे युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार है जिसको कतई बर्दाश्त नही किया जा सकता। जो दूसरे के राज्यों के युवा यहां नौकरी कर रहे हैं उनको उनके राज्य में स्थानांतरित किया जाए ताकि उनको भी नौकरी करने में सहूलियत हो।



विद्यार्थियों को एबीवीपी से जोड़ने को लेकर चर्चा

चरखी दादरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से कादमा में बैठक हुई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने, आगामी इकाई घोषणा कार्यक्रम की तैयारियों और विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के साथ विभिन्न जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में एबीवीपी के जिला संयोजक कार्तिक हिंदू ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्रहित और समाजहित में कार्य करने वाला संगठन है। संगठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। आगामी इकाई घोषणा कार्यक्रम संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन की विचारधारा एवं गतिविधियों से जोड़ें।

शारीरिक शिक्षक देंगे योग की भी शिक्षा



भिवानी। हरियाणा के सभी शारीरिक शिक्षक मास्टर योग शिक्षकों से प्रशिक्षण लेकर सभी विद्यालयों में पढ़ायेंगे योग विषय में सभी बच्चों को पारंगत करने में सहयोग करेंगे, इसी श्रृंखला में जिला भिवानी के जीजीएसएसएस लोहड़ प्रांगण में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के बैनर तले आयोजित एवं शिक्षा विभाग, हरियाणा योग आयोग एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग प्रशिक्षण कार्य में आज योग शिक्षकों द्वारा मासिक योग ट्रेनिंग कैंप के पांचवे दिवस पर आयुष विभाग के एवं पतंजलि योगपीठ जिला भिवानी के मुख्य योग शिक्षकों ने उपस्थित शारीरिक शिक्षकों को प्रथम सत्र में योगिक जॉगिंग अभ्यास, सूक्ष्म अभ्यास, स्थूल अभ्यास में सूर्यनमस्कार,आसन, प्राणायाम, ध्यान आदि में विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनर गजानंद कौशिक ने श्रीमद्भगवद गीता के श्लोक, हठ प्रदीपिका श्लोक, एवं योग दर्शन के योग सूत्रों का व्याख्यान किया। मास्टर ट्रेनर दीपक जांगड़ा ने घेरंड संहिता का व्याख्यान किया।

केंद्रीय टीम के सदस्यों ने की किसानों से बात

अनुदान पर खरीदी गई कृषि मशीनों के उपयोग का टीम ने किया निरीक्षण

- किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग के प्रति किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित टीम ने भिवानी जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। टीम ने फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत अनुदान पर किसानों द्वारा खरीदी गई कृषि मशीनों के वास्तविक उपयोग का निरीक्षण किया। टीम ने प्रेमनगर, तिगड़ाना, तालू, मुंढाल, पुर, जमालपुर, पपोसा, बोहल, रोहनात, बवानी खेड़ा, लोहारू, कैरू, दुल्हेड़ी, सरल, मिरान और बीरन सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों की किसानों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अनुदान पर उपलब्ध करवाई कृषि मशीनों के उपयोग व फसल अवशेष प्रबंधन में उनकी भूमिका का आकलन किया। इस दौरान सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम के सदस्य कृषि अभियंता आशीष पटेल तथा कृषि अभियंता तरुण कुमार ने किसानों से बातचीत कर मशीनों की खरीद, उनकी संख्या, एकड़ के हिसाब से उपयोग तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अपनाए जा रहे तरीकों की विस्तार से जानकारी ली।

विद्यार्थियों को बाल अधिकारों की दी जानकारी

स्कूलों में जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को बताए बाल अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुरक्षित बचपन अभियान के तहत मंगलवार को जिले के तीन विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आरईडी स्कूलदादरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-प्राधिकरण सचिव संजीव काजला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहने के बजाय अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पैनल अधिवक्ता दिव्यता ने सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। चित्रकला प्रतियोगिता और जागरूकता मार्च भी आयोजित किए। राजकीय वमावि पैंतावास में पैनल अधिवक्ता रेखा रानी ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

बाजरे की आवक और मौके पर उपलब्ध स्टॉक के मिलान नहीं

दादरी की अनाजमंडी में आवक से 68,405 क्विंटल कम मिला बाजरा

- कृषिमंत्री के दौरे के बाद उपायुक्त ने गठित की थी तीन सदस्यीय कमेटी, रिकॉर्ड व बाजरे का किया मिलान
- कमेटी ने रिपोर्ट में इस अंतर को गंभीर मामला बताते हुए राजस्व नुकसान की आशंका जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। दादरी की नई अनाज मंडी में लगा बाजरे का ढेर। फोटो : हरिभूमि

दादरी की नई अनाज मंडी में बाजरे की आवक और मौके पर उपलब्ध स्टॉक के मिलान में 68 हजार 405 क्विंटल बाजरे की कमी सामने आई है। विभाग और प्रशासन की जांच कमेटी ने रिकॉर्ड तथा मंडी में भौतिक रूप से उपलब्ध बाजरे की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। अब रिपोर्ट आगामी कार्रवाई के लिए मुख्यालय भेजी जाएगी। कमेटी की रिपोर्ट में मामले को संदेहास्पद बताते हुए सरकार को राजस्व नुकसान होने की आशंका जताई गई है। बता दें कि गत 23 अक्टूबर की देर शाम प्रदेश के कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा ने दादरी अनाज मंडी का दौरा किया था।

इससे पहले उसी दिन सुबह किसानों ने कुछ आढ़तियों को साथ लेकर मंडी के बाहर जाम लगाया था। किसान 30 सितंबर से पहले मंडी में आवक हुए बाजरे की खरीद के लिए गेट पास जारी करने की मांग कर रहे थे। किसानों की मांग पर कृषि मंत्री ने मंडी में बाजरे की आवक और खरीद से संबंधित रिकॉर्ड की जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने उसी दिन तीन अधिकारियों की कमेटी गठित कर जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। कमेटी की जांच रिपोर्ट के अनुसार, दादरी अनाज मंडी में बाजरे की कुल आवक चार लाख 18 हजार 290 क्विंटल दर्ज की गई थी। इसमें से खरीद एजेंसी ने दो लाख 32 हजार 375 क्विंटल बाजरा निर्धारित गोदामों में भेजा था। इस हिसाब से मंडी में एक लाख 85 हजार 915 क्विंटल बाजरा शेष होना चाहिए था। हालांकि, जांच के दौरान मौके पर केवल एक लाख 17 हजार 510 क्विंटल बाजरा ही उपलब्ध मिला। इस प्रकार रिकॉर्ड के अनुसार शेष स्टॉक और मौके पर मिले बाजरे के बीच 68 हजार 405 क्विंटल का अंतर पाया गया। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इस अंतर को गंभीर मामला बताते हुए राजस्व नुकसान की आशंका जताई है। अब जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी, जहां मामले में आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।